


# षोडश बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-20 वृहस्पतिवार, दिनांक-25 जुलाई, 2019 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.50 बजे अपराह्न तक ।**

**[1] प्रश्नकाल :-**

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 13 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 79 तारांकित प्रश्न अनागत ।

**[2] कार्य स्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ, श्री मो० नेमतुल्लाह, श्री अब्दुस सुबहान एवं श्री फैयाज अहमद, श्री बिरेन्द्र कुमार सिन्हा एवं श्री राजेन्द्र कुमार तथा श्री महबूब आलम एवं श्री सुदामा प्रसाद से अलग-अलग प्राप्त कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी ।

आसन की अनुमति से माननीय सदस्य श्री महबूब आलम द्वारा अपने क्षेत्र की समस्या से सदन को अवगत कराया ।

**[3] शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री विजय कुमार खेमका | (ii) | श्री विनोद प्रसाद यादव |
| (iii) | श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह | (iv) | श्री अशोक कुमार सिंह (224) |
| (v) | श्री मदन मोहन तिवारी | (vi) | श्री समीर कुमार महासेठ |
| (vii) | श्री अशोक कुमार सिंह (203) | (viii) | श्री संजीव चौरसिया |
| (ix) | श्रीमती भागीरथी देवी | (x) | श्री शत्रुधन तिवारी |
| (xi) | श्री संजय कुमार तिवारी | (xii) | श्रीमती अमिता भूषण |
| (xiii) | श्री सरोज यादव | (xiv) | श्री सुबोध राय |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (xv) | श्री मो० नवाज आलम | (xvi) | श्री यदुवंश कुमार यादव |
| (xvii) | श्री ललन पासवान | (xviii) | श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव |
| (xix) | श्री प्रह्लाद यादव | (xx) | श्री सुधीर कुमार उर्फ बन्टी चौधरी |
| (xxi) | श्री राजेन्द्र कुमार | (xxii) | श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव |
| (xxiii) | श्री बिरेन्द्र कुमार सिन्हा | (xxiv) | श्री मुजाहिद आलम |
| (xxv) | श्री मो० नेमतुल्लाह | (xxvi) | श्री बशिष्ठ सिंह |
| (xxvii) | श्री विद्या सागर केशरी | (xxviii) | श्री चन्दन कुमार |
| (xxix) | सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान | (xxx) | श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह |
| (xxxi) | श्री शमीम अहमद | (xxxii) | श्री शिवचन्द्र राम |
| (xxxiii) | श्री चन्द्र शेखर | (xxxiv) | श्री जिवेश कुमार |
| (xxxv) | श्री महबूब आलम | (xxxvi) | श्री सुदामा प्रसाद |
| (xxxvii) | श्री अचमित ऋषिदेव | (xxxviii) | श्री आलोक कुमार मेहता |
| (xxxix) | श्री हरिशंकर यादव | (xxxx) | डा० राजेश कुमार |
| (xxxxi) | श्रीमती सावित्री देवी | | |

**[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव एवं अन्य सात सभासदों का सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित तथा दिनांक-11 जुलाई, 2019 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को दिनांक-26.07.2019 तक के लिए स्थगित करने की घोषणा आसन से की गई ।

(ii) माननीय सदस्य डा० रामानुज प्रसाद का उद्योग विभाग से संबंधित तथा दिनांक-23 जुलाई, 2019 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री, उद्योग विभाग, श्री श्याम रजक द्वारा दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह एवं अन्य ग्यारह सभासदों के पथ निर्माण विभाग से संबंधित तथा दिनांक-23 जुलाई, 2019 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, श्री नन्द किशोर यादव द्वारा दिया गया ।

(iv) माननीय सदस्य श्री विनोद प्रसाद यादव एवं अन्य ग्यारह सभासदों के पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री विनोद प्रसाद यादव द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, श्री नन्द किशोर यादव द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(v) माननीय सदस्य जितेन्द्र कुमार का सहकारिता विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री सहकारिता विभाग, श्री राणा रणधीर द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

**[5] आसन की घोषणा:-**

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि बिहार विधान सभा की नियम समिति का चतुर्थ प्रतिवेदन सदन के अनुमोदन हेतु दिनांक-22.07.2019 को सदन में उपस्थापित किया गया था किन्तु समिति की सिफारिशों के उपस्थापन के पश्चात् कोई संशोधन प्राप्त नहीं हुआ है इसलिए नियम समिति द्वारा अनुशंसित सारे संशोधन बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली में अंगीकृत किए जाते हैं ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 02.58 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

**[6] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

i. माननीय उप मुख्यमंत्री-सह-प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम-2006 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 के उपलब्धि प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

ii. माननीय उप मुख्यमंत्री-सह-प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 के बाल कल्याण योजनाओं की बजट पुस्तिका की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

iii. माननीय उप मुख्यमंत्री-सह-प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 के परिणाम बजट पुस्तिका की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

iv. माननीय उप मुख्यमंत्री-सह-प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 के बजट प्राक्कलन के संदर्भ में चतुर्थ तिमाही में प्राप्ति एवं व्यय का रूझान संबंधी परिणाम प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

v. माननीय उप मुख्यमंत्री-सह-प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 के जेण्डर बजट पुस्तिका की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

**[7] विधायी कार्य :- राजकीय विधेयक**

**''बिहार तकनीकी सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2019''**

माननीय प्रभारी मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ और विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री रामदेव राय द्वारा सिद्धान्त पर विमर्श का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया । माननीय सदस्य श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव द्वारा जनमत जानने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तावित विधेयक के संबंध में स्थिति स्पष्ट की गई ।

तदोपरान्त प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ ।

विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरान्त खण्डशः विचार के क्रम में माननीय सदस्य, श्रीमती अमिता भूषण, श्री समीर कुमार महासेठ एवं श्री रामदेव राय द्वारा विधेयक के खण्ड-2 में दिए गए संशोधन के प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुए तथा प्रस्तावित खण्ड विधेयक के अंग बनें ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

स्वीकृति के प्रस्ताव पर माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा पक्ष रखा गया ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा पक्ष रखा गया ।

तदोपरान्त ''बिहार तकनीकी सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2019'' सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

**''बिहार विद्यालय परीक्षा समिति विधेयक, 2019''**

माननीय प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ । विधेयक पर विचार के प्रस्ताव के क्रम में माननीय सदस्य श्री रामदेव राय द्वारा सिद्धान्त पर विमर्श का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया । माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव द्वारा जनमत जानने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

माननीय सदस्य श्री रामदेव राय द्वारा संयुक्त प्रवर समिति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ ।

विधेयक के खण्डों पर विचार के क्रम में माननीय सदस्य, श्री समीर कुमार महासेठ, श्री रामदेव राय, श्रीमती अमिता भूषण एवं श्री विजय प्रकाश द्वारा विधेयक के विभिन्न खण्डों में दिए गए संशोधनों के प्रस्ताव को सदन द्वारा अस्वीकृत किया गया तथा बारी-बारी से सभी खण्ड विधेयक के अंग बनें ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

स्वीकृति के प्रस्ताव पर माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, डा० रामानुज प्रसाद एवं श्री महबूब आलम द्वारा पक्ष रखा गया ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विस्तारपूर्वक पक्ष रखा गया ।

तदोपरान्त ''बिहार विद्यालय परीक्षा समिति विधेयक, 2019'' सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[8] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 58 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक-26 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-25.07.2019

**बटेश्वर नाथ पाण्डेय**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।